



# एसडीएम ने किया स्कूल और आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण

## ग्राम सिरसौद में बंद मिला स्कूल, ग्रामीणों ने चर्चा के दौरान कहा 20 दिनों से नहीं खुला स्कूल

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुभाग चन्देरी शुभ्रता त्रिपाठी एवं तहसीलदार चन्देरी दिलीप दरोगा द्वारा बुधवार को ग्राम सिरसौद के शासकीय माध्यमिक विद्यालय सिरसौद का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान विद्यालय बंद पाया गया। ग्रामीणों से चर्चा के दौरान बताया गया कि विद्यालय विगत 20 दिवस से बंद है एवं विद्यालय के शिक्षक अनुपस्थित रहते हैं। विद्यालय की किचिन की दीवार क्षतिग्रस्त हैं। मध्यान्ह भोजन नियमित रूप से नही बन रहा है। निरीक्षण के दौरान ग्राम केशोपुर के आंगनबाडी एवं विद्यालय का निरीक्षण किया गया। विद्यालय में कुल 8 छात्र उपस्थित पाये गये। अनुविभागीय अधिकारी ने उपस्थिति पंजी से छात्रों की उपस्थिति ली जिसमें केवल 2 छात्र विद्यालय के पाये गये। मीनू अनुसार दिन बुधवार को रोटी, आलू टमार की सब्जी मूंग की बडी छात्रो का उपलब्ध कराना था। जबकि विद्यालय में केबल चावल बनाये गये थे। जिस पर अनुविभागीय अधिकारी द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गई। आंगनबाडी केशोपुर के निरीक्षण में कार्यकर्ता श्रीबाई अनुपस्थित पाई गई एवं स्टॉक रजिस्टर, टीकाकरण पंजी आदि उपलब्ध नहीं कराई गई।

केशोपुर के बाद एकीकृत विद्यालय नडेरी का निरीक्षण किया गया। जिसमें 110 मे से 68 छात्र उपस्थित पाये गये। सभी शिक्षक उपस्थित पाये गये। अनुविभागीय अधिकारी द्वारा बच्चों की नोट बुक देखी गई। जिसमें बच्चों की हेंड राईटिंग बहुत ही अच्छी पायी गई। जिस पर अनुविभागीय अधिकारी द्वारा संबंधित अतिथि शिक्षक कपूर चन्द्र अहिरवार को आगामी स्वतंत्रता दिवस पर प्रशस्ति पत्र देने के लिये नामांकित किया गया।








# शांति समिति की बैठक संपन्न

**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली।** आगामी त्योहारों एवं मोहर्रम को लेकर बुधवार को स्थानीय प्रशासन द्वारा शांति समिति की बैठक एमएल जैन धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम मनीष धनगर ने की। बैठक में तहसीलदार सोनम शर्मा, थाना प्रभारी जोगेंद्र सिंह यादव, विद्युत विभाग एवं नगर परिषद के प्रतिनिधियों सहित नगर के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी एवं पत्रकारगण उपस्थित रहे।

बैठक में निर्णय लिया गया कि मोहर्रम पर ताजियों का विसर्जन नगर के जेल तालाब के पास स्थित कुंड में किया जाएगा। साथ ही ताजिया जुलूस के मार्गों की साफ-सफाई, सड़कों पर पड़े मटेरियल को हटाने, अतिक्रमण एवं टीन शेड जैसी बाधाओं को दूर करने तथा जहां कहीं विद्युत तार नीचे झूल रहे हैं, उन्हें तत्काल दुरुस्त कराने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए हैं। एसडीएम धनगर ने कहा कि मोहर्रम के अवसर पर शांति एवं सद्भाव बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। कुंड में विसर्जन के दौरान धार्मिक भावनाओं का पूर्ण ध्यान रखा जाएगा तथा सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए जाएंगे। थाना प्रभारी ने सभी समुदायों से आपसी सहयोग की अपील की और कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या के लिए तत्काल पुलिस या प्रशासन से संपर्क करें।

## एक नजर में

### इनरव्हील क्लब का रक्तदान शिविर संपन्न

**अशोकनगर।** इनर व्हील क्लब द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए विगत दिवस रक्तदान शिविर का आयोजन जिला अस्पताल किया गया। जिसमें कुल दस लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया गया। इस दौरान क्लब की 2 सदस्यों शिप्रा अग्रवाल एवं संध्या अग्रवाल सहित कुल 10 यूनिट रक्तदान किया। रक्तदान शिविर के पश्चात इनर व्हील द्वारा डॉक्टर्स डे एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे के अवसर पर एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला अस्पताल के 12 डॉक्टरों को और शहर के प्रतिष्ठित 3 चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को सम्मान पत्र भेंट कर उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर क्लब की अध्यक्ष सरिता अग्रवाल, नीलू सेठ, सुशीला गुप्ता, शिप्रा अग्रवाल, संध्या अग्रवाल, अंजू अग्रवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### एक पेड़ मां के नाम के तहत किया पौधारोपण

**चंदेरी।** शासकीय हाई स्कूल बडैरा में बुधवार को विकास खंड शिक्षा अधिकारी,स्कूल स्टॉफ व छात्र-छात्राओं द्वारा स्कूल परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभियान एक पेड़ मां के नाम तहत गार्डन का विकास खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार तिवारी चंदेरी द्वारा उद्घाटन किया गया। वहीं गार्डन में 50 पौधो को पौधारोपण किया गया। जिनमें फलदार, छायादार पौधे थे। इस अवसर पर प्राचार्य रघुवीर सिंह राजपूत द्वारा विस्तार से बताया गया पेड़ों से ऑक्सीजन, पानी, छाया, फल,लकड़ी,जड़ी बूटियां एवं अन्य बहुत सी चीजें प्राप्त होती है इसलिए हम सभी को विद्यालय,घर व अन्य जगह पर पेड़ लगाना चाहिए, पेड़ों को काटना नहीं है पेड़ नहीं तो जीवन नहीं,पेड़ जीवन का महत्वपूर्ण अंग है पेड़ की हम सभी को देख भाल भी करना है एक दो साल पानी खाद भी देना है।

# पीएम जनजाति उन्नत ग्रामों को मिले योजनाओं का लाभ

## कलेक्टर आदित्य सिंह ने की विभागवार शासकीय कार्यों की समीक्षा

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान(पीएम जुगा) के तहत जनजातीय ग्रामों में जनजातीय समुदायों के समग्र विकास के लिए शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर हो यह सुनिश्चित किया जाए। विभागीय योजनाओं के माध्याम से जिले के चयनित 23 ग्रामों में सहरिया, आदिवासी पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाए। इस आशय के निर्देश कलेक्टर आदित्य सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के तहत जनजातीय बसाहटों में शासकीय योजनाओं के क्रियान्व्यन संबंधी समीक्षा बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि जिले में प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान तथा पीएम जनमन के तहत बसाहटों में विभागों द्वारा संचालित शासकीय योजनाओं के तहत कार्य कराये जाए। प्रधानमंत्री की मंशानुरूप पात्र लोगों को शत प्रतिशत लाभ मिलें यह सुनिश्चित किया जाए। साथ ही स्वरोजगार से जोडकर निवासरत हितग्राहियों के जीवन को नई दिशा दें, जिससे उनका जीवन यापन सुगमता से हो सके। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि संबंधित विभाग तत्संबंधी डाटा तैयार कर किये जाने वाले कार्यो की कार्ययोजना बनाकर कार्य प्रारंभ कराएं।

बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना अंतर्गत आदिवासी परिवारों के आवास की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि पात्र परिवारों को समय पर आवास की किश्त मिले तथा आवास निर्माण कार्य की सतत समीक्षा की जाए। खाद्यान्न पर्ची सभी की बनें यह सुनिश्चित किया जाए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड शत प्रतिशत बनाये जाए। आदिवासी बस्तियों में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा हेण्डपम्पों के संधारण, मरम्मात तथा नल जल योजना की स्थिति का आंकलन कर पेयजल व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें। पात्र हितग्राहियों को वृद्धावस्था पेंशन,दिव्यांग पेंशन तथा संबल योजना के अंतर्गत लाभान्वित किया जाए। विद्युत विभाग द्वारा जनसंख्या के मान से घरों में विद्युतीकरण का कार्य कराया जाए। स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ दिलाया जाए। पशुपालन विभाग द्वारा बकरी पालन,मुर्गीपालन के प्रकरण तैयार करवाकर स्वीकृत कराये जाए। कृषि विभाग द्वारा कृषि यंत्र अनुदान योजनान्तर्गत लाभान्वित किया जाए। नरेगा योजना अंतर्गत निर्माण कार्यो एवं अधोसंरचना का निर्माण कराया जाए।

बैठक में मतस्य संपदा, ग्राम सड़क योजना, मोबाईल मेडिकल यूनिट, आंगनवाडी केन्द्रों,पोषण वाटिका, टेलीकॉम कनेक्टिविटी, कौशल विकास, स्वदेश दर्शन, आधारभूत अधोसंरचना, हितग्राहीमूलक दस्तांवेजों की अद्यतन स्थिति, किसान सम्मान निधि की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ राजेश जैन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।




# एफआईआर निरस्त की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष पर हुई है एफआईआर**

**ज्ञापन के दौरान मौजूद रहे कांग्रेसी**



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी दर्ज हुई एफआईआर को निरस्त कराने की मांग को लेकर बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा एक ज्ञापन पुलिस अधीक्षक के नाम एएसपी को सौंपा गया।

कांग्रेस पार्टी द्वारा सौपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि पुलिस थाना मुंगावली में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओ के अन्तर्गत झूठे तथ्यों के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है। जिसमें उल्लेखित किया गया है कि गजराज लोधी एवं रघुराज लोधी निवासी ग्राम मुडरा थाना मुंगावली के साथ सरपंच के पुत्र विकास एवं उनके साथियों द्वारा दोनो लोधी भाईयों के साथ मारपीट की गई है उनकी मोटर साईकिल छीन ली गई है। उक्त घटना के संबंध में 25 जून को प्रदेश अध्यक्ष श्री पटवारी के ओरछा दौरा कार्यक्रम के दौरान भेंट कराई गई जिसमें आरोप लगाया गया कि श्री पटवारी ने गजराज लोधी एवं रघुराज लोधी पीडित भाईयों को यह समझाया कि यह कहना कि तुम्हे मारपीट के साथ-साथ मानव मल भी खिलाया गया है, यदि ऐसा कहोगे तब मोटर सायकिल भी दूंगा तथा परिवार का ध्यान भी रखूंगा। उक्त घटनाक्रम के वार्तालाप को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा घटना के विवरण का वीडियो वायरल किया गया। उपरोक्त घटनाक्रम का वीडियों वायरल होने पर जिला कलेक्टर अशोकनगर द्वारा पीड़ित लोधी बंधुओं को तलब किया गया एवं मानव मल खिलाने की शर्मनाक घटना से उनके जिले की बदनामी रोकने के उद्देश्य से डरा धमकाकर पीड़ित व्यक्तियों से शपथ पत्र लिया गया। जिसमें उपरोक्त घटनाक्रम के संबंध में लिखा गया जो कि पुलिस में दर्ज एफआईआर में उल्लेखित है। आश्चर्य की बात यह है कि उन परिस्थितियों की जांच होनी चाहिए। कांग्रेस द्वारा मांग की गई कि कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी के विरूद्ध दर्ज एफआईआर को निरस्त किया जावे तथा प्रदेश में कानून व्यवस्था को उचित बनाई जा ए ।

# निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी केंद्रो की स्थिति मिली दयनीय

**नवभारत**

**अशोकनगर।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास चन्द्रसेना भिडे द्वारा अशोकनगर ग्रामीण परियोजना के सेक्टर तूमैन के आंगनबाडी केन्द्रों का भ्रमण किया गया।

ग्राम नगेश्री में समूहों द्वारा नियमित खाना/नाश्तुनही दिया जा रहा था इसलिये समूह सदस्यों को बुलाकर चर्चा की गई। इसके साथ ही अंतिम चेतावनी पत्र भी समूहों को दिया गया। जिसमे विशेष रूप से लेख किया कि यदि 3 जुलाई से आंगनबाडी केन्द्रो पर नाश्ता /खाना समय पर मेन्यू अनुसार नही दिया गया तो समूहों का अनुबंध आंगनबाडी केन्द्र एवं शाला से समाप्त करने की कार्यवाही की जायेगी। शासकीय भवन की स्थिति ठीक न होने के कारण आंगनबाडी कार्यकर्ता को आज ही केन्द्रा संचालन का स्थल बदलने की कार्यवाही करने के लिखित निर्देश दिये। ग्राम इंग्लेखेडी में भी आंगनबाडी केन्द्र संचालन का स्थल बदलने के निर्देश सेक्टर पर्यवेक्षक को दिये गये।

### कपिल धारा कूप बना फसलों की सिंचाई का साधन

अशोकनगर. जनपद पंचायत अशोकनगर के ग्राम जतोली निवासी वीरन कुशवाह द्वारा कराए गए कपिलधारा कूप निर्माण से खरीफ एवं रवी फसलों के लिए पर्या?त सिंचाई हो सकेगी। आवेदक हितग्राही वीरन कुशवाह बताते हैं कि मेरे पास 2.5 एक असिंचित भूमि है। परिवार में 3 सदस?य हैं। खरीफ सीजन में केवल सोयाबीन की 5-6 क्विंटल पैदावार हो पाती थी। मैंने ग्राम पंचायत जतोली में आवेदन कर वर्ष 2025-26 में कपिलधारा अंतर्गत कूप स?वीकृत कराया। जिसकी लागत 2.43 लाख है। कपिल धारा कूप का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। अब मेरे पास स्वयं का सिंचाई का साधन होने से खरीफ एवं रबी सीजन में पर्याप्त फसल प्राप्त की जा सकेगी।




# कलेक्टर की अध्यक्षता में एपीसी की बैठक आयोजित

**आगामी लक्ष्यों को लेकर की गई चर्चा**

**कलेक्टर ने समस्त अधिकारियों को दिए निर्देश**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एपीसी की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी, सहकारिता, खाद्य नागरिक आपूर्ति,मण्डी, मत्स्य विभागों की योजनाओं की प्रगति और आगामी लक्ष्यों पर विस्तृत चर्चा हुई।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु संबंधित विभागीय योजनाओं के लक्ष्यों को समय सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने कृषि विभाग के अंतर्गत खरीफ फसलों के उत्पादन और उत्पादकता, उर्वरक व्यवस्था, ड्रिप और स्प्रिंकलर से सिंचित क्षेत्र, कस्टम हायरिंग सेंटर और बीज उपलब्धता की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि फार्मर रजिस्ट्री ,ई केवायसी के संबंध में समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने उद्यानिकी और खाद्य प्रसंस्करण विभाग के तहत एकीकृत बागवानी, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, स्प्रिंकलर, मिनी स्प्रिंकलर, स्प्रेयर पंप, फल, सब्जी और मसाला क्षेत्र विस्तार की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने वर्ष 2025- 26 के लक्ष्यों को प्राप्त करने के निर्देश दिए। पशुपालन विभाग की समीक्षा में चलित पशु चिकित्सा इकाई, आचार्य विद्यासागर डेयरी योजना, एफएमडी टीकाकरण, राष्ट्रीय पशुधन मिशन, और पशुपालन योजना की समीक्षा की। सहकारिता विभाग के अंतर्गत सहकार से समृद्धि योजना, पुनर्गठन कॉमन सर्विस सेंटर, औषधि विक्रय केंद्र, को ऑपरेटिव बैंक की ऋण वसूली और वितरण, सहकारी पैक्स समितियों को पेट्रोल-डीजल पंप आवंटन, गृह निर्माण सहकारी समितियां, और दुग्ध समितियों की समीक्षा की गई। उन्होंने मत्स्य विभाग की समीक्षा करते हुए मछुआ कल्याण मत्स्य उत्पादन तथा मछुआ समृद्धि योजना के लक्ष्यों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन सहित संबंधित विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## कार्यक्रम

### आठ दिनों तक चलेगी सिद्धों की आराधना

# आज से घट यात्रा से शुरू होगा सिद्ध चक्र महामंडल विधान का आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली। नगर में बुधवार से आठ दिनों तक सिद्धों की आराधना की जाएगी आज से अष्टांहिका महापर्व प्रारंभ हो रहे है।**

जिसमें सिद्धों की महाराधना करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। नगर में घट यात्रा के साथ विधान का शुभारभ किया जाएगा। सिद्ध चक्र महा मंडल विधान के नगर के विद्या सौम्य सभा स्थली में आयोजित किया जाएगा, सुबह घट यात्रा निकाली जाएगी जो नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई। कार्यक्रम स्थल पहुंची जहां जिसमें प्रथम दिवस ध्वजा रोहण घटयात्रा, पंडाल शुद्ध, दैव आज्ञा , ध्वजारोहण,आचार्य निमंत्रण, जाप्यानुष्ठान , पांडाल शुद्धि , सकलीकरण , इंद्र प्रतिष्ठा प्रथम वलय की पूजन की प्रारंभिक क्रिया के साथ विधान प्रारंभ होगा। वही यह विधान में विधानाचार्य नगर के मोनू भैया और अमन शास्त्री के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। इस विधान के पूज्यार्जक परिवार राजकुमार, नितेश भोपाली, परिवार होंगे एवं विशेष सहयोगी सकल दिगंबर जैन समाज रहेगा।



# क्षेत्र की खुशहाली के लिए किया सुदंरकांड

**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली।** क्षेत्र में सुख, समृद्धि और खुशहाली बनी रहे इसके लिए बालाजी सेवा समिति द्वारा घनश्याम पुर पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए यह आयोजन बालाजी महाराज के दरबार में आयोजित किया। क्षेत्र में इस तरह का आयोजन होना अब आम बात सी हो गई है, जिसमें यह सुन्दर कांड संगीतमय कराया जाता है। क्षेत्र के मंडली के युवाओं द्वारा इसका पाठ किया जाता है। जो लोगों को मन मुग्ध कर देता है इस सुंदर कांड में पाठकर्ता पठित जितेंद्र भार्गव, रामकिशोर यादव, उमेश ओझा, नानू एवं अन्नू ओझा द्वारा शानदार प्रस्तुति दी जाती है, यह मंडली सभी आयोजन में धार्मिक कियाएं सम्पन्न करती है। वहीं सुन्दर कांड के बाद संगीतमय भजन संध्या हुई जिसमें राम भगवानों के भजन पर श्रद्धालुओं द्वारा जमकर नृत्य किया गया।






# प्रदेश प्रभारी पहुचे चंदेरी कार्यकर्ताओं से किया आमने-सामने संवाद

**चंदेरी।** आम आदमी पार्टी के द्वारा पूरे मध्यप्रदेश में कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम और जहां सड़क पर गड्ढा होगा वहां भाजपा का झंडा होगा इस अभियान के तहत ग्वालियर से शुरुआत कर पूरे प्रदेश में इस कार्यकम को आप कार्यकर्ता द्वारा किया जा रहा है। जिसमें 1 जुलाई को प्रदेश उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता ने जिला अशोकनगर की विधानसभा चंदेरी में आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से सीधा परिचय सह संवाद किया और पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता से रूबरू हुए और पार्टी के दिशा निर्देशों के बारे में बताया किस प्रकार पार्टी के संगठन को हम लोग आगे लेकर जा सकते है। जिसमें पार्टी के प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी, प्रदेश सहसचिव एडवोकेट विकास कपूर, जिलाध्यक्ष नदीम खान, जिला कोषाध्यक्ष एडवोकेट जगदीश यादव, राकेश बैरसिया, नर्मदा प्रसाद, चंदेरी विधानसभा अध्यक्ष अतीक अंसारी, रवि अहिरवार, भारत लाल एवं पार्टी के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे